# राजस्थान सरकार
## निदेशालय, कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर
## "वित्त भवन" जनपथ, जयपुर

(**दूरभाष नं0:**— 0141—2740837,, **फैक्स:**— 0141—2742309, **ई मेल:**— jacct.dta@rajasthan.gov.in)

**क्रमांक:**— एफ.4(ई)(1)(6)/डीपीसी/2022—23/अलेसे—III/ 630 **दिनांक:**— 01.07.2022

## विज्ञप्ति

**विषय:**— कनिष्ठ लेखाकार से सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—II पद पर पदोन्नति के संबंध में।
**प्रसंग:**— विभागीय समसंख्यक पत्रांक 419 दिनांक 10.06.2022

विभाग द्वारा कनिष्ठ लेखाकार संवर्ग के कार्मिको की 01.04.2022 की स्थिति में अंतिम वरिष्ठता सूची (टीएसपी एवं नॉन टीएसपी) प्रकाशित कर दी गई है, जिसका अवलोकन विभाग की वेबसाईट पर किया जा सकता है। कनिष्ठ लेखाकारों के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदनों की स्थिति भी विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध हैं।

वित्तीय वर्ष 2022—23 में संभावित रिक्तियों के विरूद्ध कनिष्ठ लेखाकार से सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—II के पदों पर नियमानुसार पदोन्नति हेतु विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक शीघ्र आयोजित कराये जाने की कार्यवाही विचाराधीन है। प्रसंगाधीन पत्रांक द्वारा दिनांक 01.04.2022 की स्थिति में प्रकाशित कनिष्ठ लेखाकार संवर्ग की अंतिम वरिष्ठता सूची (टीएसपी एवं नॉन टीएसपी) में शामिल सभी कनिष्ठ लेखाकारों की संतान घोषणा पत्र (संलग्न प्रारूप में) दिनांक 30.06.2022 तक निदेशालय को आवश्यक रूप से भिजवाने एवं साथ ही वांछित/बकाया वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन एवं अचल सम्पत्ति विवरण भी भिजवाने के लिए निर्देशित किया गया था, किन्तु उपरोक्तानुसार वांछित सूचना अधिकांश कनिष्ठ लेखाकारों की आदिनांक तक विभाग में अप्राप्त है। अतः जिन कनिष्ठ लेखाकारों द्वारा उपरोक्तानुसार सूचना प्रेषित नहीं की गई है को निर्देशित किया जाता हैं कि वांछित सूचना शीघ्र ही दिनांक 10.07.2022 तक निदेशालय में प्रेषित करावें।

**पदोन्नति में आरक्षण की पालना सुनिश्चित करने हेतु समस्त दिव्यांग कनिष्ठ लेखाकार कार्मिक (क—2) विभाग के परिपत्र क्रमांक प.14(36) कार्मिक/क—2/2007 दिनांक 01.12.2021 के बिन्दु संख्या 2 के क्रम में निर्धारित प्रपत्र में दिव्यांग प्रमाणपत्र की प्रति मय लिंक नम्बर अंकित कर भिजवायें।**

**संलग्न :**— संतान घोषणा का प्रारूप

**(शिल्पी कौशिक)**
**अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक—III)**

**क्रमांक:**— एफ.4(ई)(1)(6)/डीपीसी/2022—23/अलेसे—III/ 630 **दिनांक:**— 01.07.2022

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं:**—

1. सहायक निदेशक (गोपनीय शाखा) को कनिष्ठ लेखाकार के वार्षिक कार्यमूल्यांकन प्रतिवेदन एवं अचल सम्पत्ति विवरण संबंधी सूचना तैयार करने हेतु।
2. उपनिदेशक (एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
3. निजी सचिव, निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव।
4. सम्बन्धित समस्त कनिष्ठ लेखाकार।
5. निजी पत्रावली/गार्ड फाईल।

**अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक—III)**

कार्मिक विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ.7(1)(डी.ओ.पी.)क–2/95 दिनांक 20.06.2001 के क्रम में कर्मचारी द्वारा दी जाने वाली घोषणा

मैं.......................................जन्म दिनांक......................मैरिट/बैच संख्या......................
पद...............................कार्यालय..........................................................................................................
.................................................................एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ:–

1. दिनांक 31.05.2002 तक मेरे बच्चों(पुत्र एवं पुत्री) की कुल संख्या...........थी। जिनका विवरण निम्नानुसार है।

| क्र सं | नाम | जन्म तिथि |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |

2. दिनांक 01.06.2002 को एवं इसके पश्चात् मेरे बच्चों की संख्या मे वृद्धि नहीं हुई है।

या

दिनांक 01.06.2002 को एवं इसके पश्चात् मेरे बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई है एवं वर्तमान में बच्चों (पुत्र एवं पुत्री) की कुल संख्या.......................................हैं।

| क्र सं. | नाम | जन्म तिथि |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |
| 5. | | |

(बिन्दु संख्या 2 के संबंध में. जो लागू न हो, काट दे )

स्थान :–

दिनांक:– हस्ताक्षर

(नाम)......................................................

लिंक नम्बर..................................................

वरिष्ठता सूची क्रमांक...............................

मेरे सामने हस्ताक्षर किये

(कार्यालयाध्यक्ष के हस्ताक्षर मय मोहर)

| अतिरिक्त सूचना | |
|---|---|
| मोबाईल नम्बर :– | ई–मेल(स्वयं की) |
| शैक्षणिक योग्यता :– | गृह जिला :– |
| अधीनस्थ लेखा सेवा मे प्रथम नियुक्ति पर कार्यग्रहण तिथि :– | वर्तमान कार्यालय में कार्यग्रहण तिथि :– |
| ई–मेल एवं फोन नम्बर कार्यालय(मय एसटीडी कोड) | |